पूर्व सीएम नीतीश ने सरदार पटेल कॉलेज में संस्थापक प्रो. राजेंद्र प्रसाद की प्रतिमा का किया अनावरण

सरदार पटेल के आदर्श और सिद्धांत आज भी प्रासंगिक : नीतीश कुमार

बिहारशरीफ। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं जनता दल (यूनाइटेड) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने कहा है कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के आदर्श और सिद्धांत आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं और संपूर्ण समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। महापुरुषों के विचारों को आत्मसात करके ही एक बेहतर और सशक्त समाज का निर्माण किया जा सकता है। वे बुधवार को नालंदा जिला अंतर्गत बिहारशरीफ के ऐतिहासिक सरदार पटेल मेमो. रियल कॉलेज (उदंतपुरी) परिसर में आयोजित भव्य समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने महाविद्यालय के संस्थापक प्राचार्य स्वर्गीय डॉ. राजेंद्र प्रसाद की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया। इसके साथ ही महाविद्यालय परिसर में नवनिर्मित वॉलीबॉल कोर्ट, बैडमिंटन कोर्ट, विज्ञान भवन के जीर्णोद्धार कार्य और नवनिर्मित श्पटेल पथश का उद्घाटन किया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय परिसर में स्थापित 'अखंड भारत के शिल्पकार' लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि जब से बिहार की जनता ने उन्हें सेवा करने का अवसर दिया, तब से उन्होंने पूरे राज्य में एक मजबूत शैक्षणिक माहौल तैयार करने का काम किया है। उन्होंने गर्व से कहा कि आज बिहार के छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए अन्य राज्यों की ओर पलायन करने की आवश्यकता नहीं पड़ती।

बिहार की मेधा पर भरोसा जताते हुए उन्होंने कहा कि बिहार की मिट्टी में इतनी ताकत और तासीर है कि



हमारे बच्चों का इम्तिहान नीचे क्या, यदि आसमान पर भी लिया जाए, तो भी बिहार के बच्चे नंबर वन पायदान पर आएंगे। उन्होंने याद दिलाया कि बिहार ने हमेशा से पूरी दुनिया को ज्ञान की रोशनी और शांति का संदेश देने का काम किया है।

स्वर्गीय डॉ. राजेंद्र प्रसाद को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नीतीश कुमार ने कहा कि संस्थापक प्राचार्य की प्रतिमा का अनावरण करते हुए उन्हें अत्यंत गर्व की अनुभूति हो रही है। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन समाज और राष्ट्र के सेवा कार्यों में समर्पित कर दिया था। उनकी विचारधारा आज भी युवा पीढ़ी को सत्य, संघर्ष और सेवा के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करती है। यह प्रतिमा केवल पत्थर की मूर्ति नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए निरंतर प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

इस मौके पर बिहार सरकार के ग्रामीण विकास एवं सूचना जनसंपर्क मंत्री श्रवण कुमार, नालंदा सांसद कौशलेंद्र कुमार, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. उपेंद्र प्रसाद सिंह, तथा छात्र कल्याण संकायाध्यक्ष प्रो. राजीव रंजन विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. महेश प्रसाद सिंह ने की। समारोह के दौरान महाविद्यालय के सेवानिवृत्त शिक्षक श्रीकांत प्रसाद, विनायक कश्यप, नालंदा कॉलेज की प्राचार्या डॉ. सुनीता सिन्हा, किसान कॉलेज के प्राचार्य डॉ. दिव्यांशु कुमार, गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज की प्राचार्या नुसरत जहां, डॉ. रत्नेश अमन, डॉ. रामकृष्ण परमहंस, प्रोफेसर सत्येंद्र वर्मा, प्रोफेसर आर. एन. सिंह, एसपीएम कॉलेज के शिक्षक अखिलेश कुमार, तपन कुमार मजूमदार, आनंद कुमार, डॉ. संजू कुमारी, डॉ. प्रवेश कुमार पासवान, आशीष कुमार सिन्हा, जिला जदयू प्रवक्ता डॉ. धनंजय कुमार देव, प्रदेश सचिव गुलरेज अंसारी सहित विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षकगण, गैर-शिक्षण कर्मचारी, बड़ी संख्या में छात्र-नेता और सैकड़ों छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

राजगीर (नालंदा) (आससे)। स्थानीय थाना क्षेत्र के महादेवपुर गांव के समीप सड़क हादसे में छबिलापुर थानाक्षेत्र स्थित बरनौसा गांव निवासी स्व उदित सिंह के 55वर्षीय विपिन सिंह की मौत हो गई। जो अपने भतीजे के साथ बाईक की पिछली सीट पर बैठ घर को लौट रहे थे। कि तभी सामने से आ रही एक तेज रफ्तार में ट्रैक्टर की चपेट में बाइक आ गया। बाईक चला रहे मृतक का भतीजा अप्पू सिंह ने बताया कि वे चाचा को लेकर घर जा रहे थे। और महादेव पुर गांव पहुंचे हीं थे कि। छबिलापुर की ओर से आ रहे एक ट्रैक्टर ने मार दी। जिसमें वे सड़क पर जा गिरे। और उनका माथा फट गया। आनन फानन में उन्हें अनुमंडलीय अस्पताल राजगीर में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उधर घटना के बाद ट्रैक्टर को घटनास्थल पर ट्रैक्टर को छोड़ चालक फरार हो गया। पुलिस ने ट्रैक्टर और बाईक को जब्त कर लिया है।

समाहरणालय, सुपौल
सुपौल–852131
(सामाजिक सुरक्षा कोषांग)
Email : adss.supaul@gmail.com

बिहार सरकार

अल्पकालीन शुद्धि पत्र

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक–847/सा०सु०को०, सुपौल, दिनांक–16.10.2026 द्वारा अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–PR. No.-014029 (SWD) 2026-27 है, जो दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित हुआ है। प्रकाशित सूचना में उल्लेखित ''इच्छुक निविदादाता कम्बल (ऊनी) की आपूर्ति करने हेतु निविदा–द्वि–लिफाफा प्रणाली में दिनांक 12.11.2026 के अपराह्न 05:00 बजे'' प्रकाशित हो गया है, जिसे दिनांक 11.11.2026 के अपराह्न 05:00 बजे पढ़ा जाय। शेश शर्तें यथावत रहेगी।

सहायक निदेशक
जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग
सुपौल

PR- 014388 (Welfare) 2026-27

विस्तृत जानकारी वेबसाइट//state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

दो बाल श्रमिकों को कराया गया विमुक्त

बिहारशरीफ। कतरीसराय प्रखंड में विशेष धावा दल द्वारा चलाए गए छापेमारी अभियान के दौरान दो बाल श्रमिकों को विभिन्न प्रतिष्ठानों से मुक्त कराया गया। यह कार्रवाई श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी कतरीसराय मुरारी सिंह के नेतृत्व में कतरीसराय थाना क्षेत्र के छाछुबीघा मोड़ के पास स्थित प्रतिष्ठानों में की गई। जांच के क्रम में एक प्रतिष्ठान से दो बच्चों को काम करते हुए पाया गया, जिन्हें टीम ने तुरंत सुरक्षित अभिरक्षा में ले लिया। श्रम अधीक्षक नरेश प्रसाद ने स्पष्ट किया है कि बाल श्रम के खिलाफ यह अभियान नालंदा जिले में लगातार जारी रहेगा।

विमुक्त किए गए बाल श्रमिकों को बाल कल्याण समिति, बिहारशरीफ के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। वहीं, बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के तहत संबंधित नियोजक के विरुद्ध थाने में प्राथमिकी दर्ज करने की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

छापेमारी दल में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी राजगीर अभिषेक कुमार, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी कतरीसराय मुरारी सिंह, जस्ट राइट चिल्ड्रेन एवं आईडिया संस्था नालंदा के प्रतिनिधि उज्जवल कुमार व अश्विनी कुमार तथा कतरीसराय थाने के पुलिस बल शामिल रहे।

रेल जनसंवाद में यात्रियों ने उठाई पेयजल, सफाई और ओवरब्रिज की मांग

पलामू एक्सप्रेस की बोगी में पहुंचकर रेल अधिकारी ने यात्रियों से लिया फीडबैक

राजगीर (नालंदा) (आससे)। राजगीर रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को रेल जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें रेल अधिकारियों ने यात्रियों से सीधे बातचीत कर यात्री सुविधाओं, साफ-सफाई, पेयजल, सुरक्षा और यात्रा के अनुभवों को लेकर सुझाव व शिकायतें सुनीं। मुख्यालय के चीफ इलेक्ट्रिकल लोको इंजीनियर प्रसेनजीत चक्रवर्ती ने राजगीर से खुलने वाली पलामू एक्सप्रेस की बोगी में पहुंचकर यात्रियों से संवाद किया। इस दौरान यात्रियों ने स्टेशन परिसर में पेयजल की बेहतर व्यवस्था करने, ट्रेनों में साफ-सफाई सुनिश्चित करने और बिजली की पर्याप्त व्यवस्था उपलब्ध कराने की मांग की। एक प्लेटफॉर्म से दूसरे प्लेटफॉर्म पर जाने के लिए फुट ओव. रब्रिज बनाने के साथ एस्केलेटर और लिफ्ट लगाने का सुझाव भी दिया। यात्रियों ने नेशनल हाईवे के पास स्टेशन मोड़ पर भव्य स्वागत द्वार बनाने की मांग रखी।

कोलकाता से आए यात्रियों ने लंबी दूरी की ट्रेनों में भोजन की व्यवस्था बेहतर करने, शौचालयों की नियमित सफाई और पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने की बात कही। वहीं, दैनिक यात्रियों ने राजगीर से खुलने वाली पैसेंजर ट्रेनों में साफ-सफाई और महिला यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने का सुझाव दिया।

प्रवेश-निकास की अलग व्यवस्था करने का निर्देश: जन संवाद से पहले चक्रवर्ती ने स्टेशन परिसर, सर्कुलेटिंग एरिया, प्रतीक्षालय, प्लेटफॉर्म और यात्रियों की आवाजाही वाले प्रमुख स्थानों का निरीक्षण किया। उन्होंने स्टेशन पर प्रवेश और निकास की अलग-अलग व्यवस्था करने, सभी प्लेटफॉर्मों पर नंबर के संकेतक बोर्ड लगाने तथा ट्रेनों की समय-सारणी और किराये से संबंधित सूचना बोर्ड को अपडेट करने का निर्देश दिया। उन्होंने प्लेटफॉर्मों पर पर्याप्त संख्या में डस्टबिन रखने, नलों और बाथरूम की साफ-सफाई बेहतर करने, खराब नलों की मरम्मत कराने और बंद पड़े शौचालयों को चालू करने को कहा। निरीक्षण के दौरान इंजीनियरिंग विभाग के किसी अधिकारी के मौजूद नहीं रहने पर उन्होंने नाराजगी जताई।

रेलवे बोर्ड की मानक संचालन प्रक्रिया के अनुरूप कार्यक्रम में मिले सुझावों और शिकायतों को दर्ज कर उनके निराकरण के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया।

यात्रियों ने पहल की सराहना की : यात्रियों ने रेल अधिकारियों के सीधे उनके बीच पहुंचकर समस्याएं सुनने की पहल की सराहना की। उन्होंने उम्मीद जताई कि मिले सुझावों पर कार्रवाई होने से स्टेशन की यात्री सुविधाओं और रेल यात्रा के अनुभव में सुधार होगा।

इस मौके पर स्टेशन प्रबंधक राकेश कुमार, सीएलआई मुख्यालय बांके बिहारी, एएमई, सीएचआई, चीफ क्रू कंट्रोलर सुबोध कुमार, सीटीआई अंजन सिंह, कैरेज हेड आनंद कुमार, सीनियर सेक्शन इंजीनियर सौरभ रंजन और बुकिंग सुपरवाइजर अमरेंद्र कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

बिहार सरकार

मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग
(राजभाषा)

आमंत्रण

मान्यवर,

मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग (राजभाषा) के तत्त्वावधान में **दिनांक– 28 अक्टूबर, 2026 (बुधवार) को पूर्वाह्न 10:00 बजे पंडित मोहन लाल महतो वियोगी (जन्मतिथि–05 नवम्बर) एवं आचार्य बदरीनाथ वर्मा (जन्मतिथि–10 नवम्बर)** का जयन्ती समारोह फणीश्वरनाथ रेणु, हिन्दी भवन, छज्जूबाग, पटना में आयोजित है।

उक्त अवसर पर आप सादर आमंत्रित हैं

एस० एम० परवेज़ आलम
अपर सचिव–सह–निदेशक

अरविन्द कुमार चौधरी
अपर मुख्य सचिव

PR- 014378 (C S D) 2026-27

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

रग्बी खिलाड़ियों ने जू सफारी में करीब से देखा वन्यजीवों का संसार

जू सफारी का भारतीय और न्यूजीलैंड की रग्बी टीमों ने किया भ्रमण

राजगीर (नालंदा) (आससे)। भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेल संबंधों को मजबूत करने के साथ खिलाड़ियों को प्रकृति और वन्यजीवों से रूबरू कराने की पहल के तहत भारतीय और न्यूजीलैंड की पुरुष एवं महिला रग्बी टीमों ने बुधवार को राजगीर जू सफारी का भ्रमण किया। अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के आगमन से जू सफारी परिसर में उत्साह का माहौल देखने को मिला। खिलाड़ियों ने यहां वन्यजीवों के प्राकृतिक परिवेश, हरियाली और जैव विविधता का आनंद लिया। खेल के मैदान पर अपने प्रदर्शन से पहचान बनाने वाले इन खिलाड़ियों के लिए जू सफारी का भ्रमण एक अलग और यादगार अनुभव रहा। जू सफारी पहुं. चने पर सभी टीमों के खिलाड़ियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इसके बाद उन्हें सफारी के प्राकृतिक वातावरण और वन्यजीवों से संबंधित जानकारियां दी गयी। खिलाड़ियों को वन्यजीव संरक्षण, पर्यावरण संतुलन



और जैव विविधता के महत्व से अवगत कराया गया। उन्होंने जू सफारी के विस्तृत प्राकृतिक क्षेत्र का अवलो. कन करते हुए वन्यजीवों को करीब से देखा और प्रकृति के विविध रूपों को समझने का अवसर प्राप्त किया। इस दौरान खिलाड़ियों ने वन्यजीवों के संरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों को सुरक्षित रखने के महत्व को भी जाना। उन्हें बताया गया कि पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने में वन्यजीवों की महत्वपूर्ण भूमिका है। वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास का संरक्षण न केवल जैव विविधता को बनाए रखने के लिए जरूरी है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रकृति की विरासत को सुरक्षित रखने का भी अहम माध्यम है। भारतीय और न्यूजीलैंड की पुरुष एवं महिला रग्बी टीमों का यह भ्रमण खेल और पर्यटन के बीच बेहतर तालमेल का उदाहरण बना। अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों की मौजूदगी से राजगीर जू सफारी को भी विशेष पहचान मिली। इससे राजगीर की प्राकृतिक संपदा, वन्यजीव संरक्षण और पर्यटन की संभावनाओं को व्यापक स्तर पर सामने लाने का अवसर मिला। राजग. ीर अपनी ऐतिहासिक, धार्मिक और प्राकृतिक विरासत के लिए विश्व प्रसिद्ध है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से यहां के पर्यटन स्थलों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में मदद मिल सकती है। रग्बी खिलाड़ियों का जू सफारी भ्रमण खेल, प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ है।

आपसी विवाद में युवक को मारी गोली

राजगीर (नालंदा) (आससे)। राजगीर नगर परिषद क्षेत्र के पंडितपुर मिडिल स्कूल के समीप बुधवार को आपसी विवाद में एक युवक को गोली मारकर घायल कर दिया गया है। घायल युवक की पहचान बबलू कुमार के पुत्र अमन कुमार उर्फ बिल्ला के रूप में हुई है। गोली लगने के बाद परिजनों ने उसे बिहारशरीफ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार अमन कुमार को गोली मारने का आरोप उसके दोस्त मनीष कुमार पर लगाया जा रहा है। मनीष कुमार दवा दुकानदार मनोज कुमार का पुत्र बताया जाता है। ग्रामीणों के अनुसार दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। हालांकि, गोलीबारी के वास्तविक कारणों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

घटना को लेकर अलग-अलग बातें सामने आ रही हैं। कुछ लोग कारोबार के हिसाब-किताब को लेकर विवाद होने की चर्चा कर रहे हैं, जबकि कुछ लोगों के अनुसार दुकान के कचरे और साफ-सफाई को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हुई थी। थानाध्यक्ष अभिजित कुमार ने गोल. ीबारी की घटना की पुष्टि की है। जांच के बाद ही घटना के कारणों और गोली चलाने वाले की भूमिका स्पष्ट हो सकेगी।

समाहरणालय, नवादा
नवादा –805110
(जिला नजारत शाखा)

बिहार सरकार

न्यायालय :– श्री राजीव कुमार, वरीय उप समाहर्त्ता, नवादा

दूरभाष 06324–212253 (कार्या0), 06324–212240 (आवास), 06324–212904 (फैक्स),
email: dm-nawadah.bih@nic.in

बिहार मद्य निषेध और अधिनियम–2016 एवं यथा संशोधित अधिनियम 2021–22 के अंतर्गत जप्त वाहन के मालिक के लिए नोटिस :–

एतद् द्वारा निम्नलिखित वाहन के मालिक को सूचित किया जाता है, कि बिहार मद्य निशेध और उत्पाद अधिनियम–2016 एवं यथा संशोधित अधिनियम 2021–22 के अंतर्गत पुलिस विभाग द्वारा अवैध शराब के परिवहन के आरोप में निम्नलिखित वाहनों को जप्त कर अधिहरण हेतु समर्पित प्रस्ताव के आलोक में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय, नवादा (बिहार) में अधिहरण वाद संधारित है। जप्त निम्नलिखित वाहन का अधिहरण हेतु संचालित वादमें सुनवाई हेतु दिनांक–18.11.2026 को 11:00 बजे पूर्वाह्न में तिथि निर्धारित की गई है:–

क्रमांक	वाद संख्या	थाना का नाम	थाना कांड संख्या	वाहन का प्रकार	जप्त वाहन का निबंधन सं0/इंजन नं0/चेचिस नं0	वाहन मालिक का नाम
01	02	03	04	05	06	07
01	04/2026	मुफस्सिल	518/25 दिनांक–30.12.2025	बोलेरो	VEHICLE NO:- JH10K9002 ENGINE NO :-GA64F45223, CHESSIS NO-MA1PL2GAK62G34415	श्री विवेक कुमार, पिता–लक्ष्मण मेहता, ग्राम–मसनोडीह, थाना–डोमचाँच, जिला–कोडरमा, (झारखण्ड)–825407

अतएव संबंधित वाहन मालिक को सूचित किया जाता है, कि उक्त वाद में सुनवाई हेतु निर्धारित तिथि को साक्ष्य सहित अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करेंगे।

(राजीव कुमार)
वरीय उप समाहर्त्ता,
नवादा

PR. No. 014343 (District) 2026-27

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

गर्भावस्था की पहली तिमाही में माँ की एच.आई.वी. और सिफलिस की जाँच जरूर करायें।

किशोरियों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

राजगीर (नालंदा) (आससे)। किशोरियों के स्वास्थ्य, स्वच्छता और अधिकारों को लेकर बुधवार को एक निजी सभागार में प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत हुई। बिहार वॉटर डेवलपमेंट सोसायटी, सेवा केंद्र कुर्जी पटना के तत्वावधान में 'हमारी पाठशाला फेज-चार' के बैनर तले दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें राजगीर एवं सिलाव के किशोरियां भाग ले रही है। कार्यक्रम का उद्घाटन सेवा केंद्र के परियोजना समन्वयक एलॉयसियस ओस्ता, जिला स्तरीय प्रशिक्षक रमेश कुमार पान एवं अंजनी कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। स्वास्थ्य और भ्रांतियों पर विशेष चर्चा करते हुए परियोजना समन्वयक एलॉयसियस ओस्ता ने कहा कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक और मानसिक बदलावों को वैज्ञानिक तरीके से समझाना है। किशोरियों को माहवारी स्वच्छता प्रबंधन, संतुलित आहार, एनीमिया से बचाव और मानसिक तनाव प्रबंधन पर विशेष सत्र कराए जाएंगे। वहीं प्रशिक्षक अंजनी कुमारी ने किशो. रियों को सरकार की प्रमुख योजनाओं-किशोरी स्वास्थ्य कार्यक्रम, साप्ताहिक आयरन फोलिक एसिड अनुपूरण सरकारी योजनाओं वॉश एवं पोषण योजना और नि:शुल्क सेनेटरी पैड वितरण योजना के बारे में विस्तार से बताया।

जिले के 34 हजार डिफॉल्टरों पर कसेगा शिकंजा

351 कर्जदारों की होगी जब्ती-कुर्की और 3151 की संपत्ति होगी नीलाम

बिहारशरीफ। जिले में कर्ज वसूली को लेकर बैंकों ने अब आक्रामक रुख अख्तियार कर लिया है। बिहार ग्रामीण बैंक समेत अन्य बैंकों के लगभग 34 हजार कर्जदार डिफॉल्टर हो चुके हैं, जिन्हें बैंक लगातार रडार पर ले रहे हैं। हालात को देखते हुए बैंक प्रशासन ने बड़े बकाएदारों के खिलाफ कानूनी शिकंजा कसना शुरू कर दिया है, जिसके तहत 3,151 कर्जदारों की संपत्ति नीलामी की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके अलावा, नियमों की अनदेखी करने वाले 351 कर्जदारों के खिलाफ जब्ती-कुर्की की कार्रवाई तेज कर दी गई है और 869 अन्य बकाएदारों को सख्त नोटिस भेजे गए हैं। इस वर्ष अब तक विभिन्न मामलों में 12 कर्जदारों पर जब्ती-कुर्की की कार्रवाई की जा चुकी है।

हालांकि, इस कड़ी कार्रवाई के बीच बैंकों ने त्योहारों के सीजन को देखते हुए कर्जदारों को राहत का एक व्यावहारिक विकल्प भी दिया है। दीपावली और छठ के पवित्र अवसर पर बैंक ने बकाया ऋण चुकाने वाले डिफॉल्टरों के लिए समझौते के आधार पर विशेष छूट की घोषणा की है। बिहार ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक विपुल सौरभ ने स्पष्ट किया है कि बैंक का मुख्य उद्देश्य सिर्फ ऋण वसूलना नहीं, बल्कि ग्राहकों को व्यावहारिक अवसर देना है। जो ग्राहक समय रहते संबंधित बैंक शाखा से संपर्क कर आपसी सहमति और समझौते के जरिए अपने ऋण का निपटारा कराएंगे, उन्हें पात्रता और नियमों के अनुसार विशेष छूट दी जाएगी। साथ ही, समय पर समझौता करने से वे कानूनी पचड़ों और बड़ी परेशानियों से भी बच सकते हैं। इतना ही नहीं, पात्र ग्राहक और किसान नियमानुसार कृषि या अन्य कारोबार के लिए दोबारा ऋण सुविधा का लाभ भी उठा सकेंगे।

दूसरी ओर, बैंक ने चेतावनी दी है कि बकाया नहीं चुकाने पर कानूनी कार्रवाई के साथ-साथ नए मामले भी दर्ज किए जाएंगे। लंबित नीलामी मामलों और कुर्की वारंटों के त्वरित निष्पादन के लिए बैंक न्यायालय तथा पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर कार्रवाई को और तेज करने जा रहा है। सरफेसी एक्ट और नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट के तहत भी सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। बैंकिंग आंकड़ों के अनुसार, जिले में कुल 19 बैंक संचालित हैं जिनकी 216 शाखाएं और 151 एटीएम सेवाएं दे रही हैं, लेकिन बढ़ते डिफॉल्टरों के आंकड़े चिंता का विषय बने हुए हैं। बैंक प्रबंधन ने सभी डिफॉल्टरों से अपील की है कि वे त्योहारों के इस माहौल में अपनी संबंधित बैंक शाखा से संपर्क करें और ऋण समाधान के इस सुनहरे अवसर का पूरा लाभ उठाएं।

बिहार सरकार

योजना एवं विकास विभाग
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमण्डल बक्सर

पुनः ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 02/2026-27

(केवल ई–टेन्डर पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)

1. कार्यों की विवरणी (योजना/शीर्ष/मद का नाम) : – सामुदायिक भवन–सह–वर्कशेड निर्माण कार्य अन्तर्गत।

ग्रुप संख्या	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (लाख रूपये में)	अग्रधन की राशि (लाख रूपये में)	परिमाण – विपत्र का मूल्य (केवल ऑनलाइन मोड में भुगतान किया जाना है) (अप्रत्यर्पणीय) (रूपये में)	बीड प्रोसेसिंग शुल्क (केवल ऑनलाइन मोड में भुगतान किया जाना है) (अप्रत्यर्पणीय) (रूपये में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (माह में)
01	02	03	04	05	06	07
1	बक्सर प्रखंड अन्तर्गत पंचायत रहसीचक (पाण्डेयपट्टी) के महादलित टोला हुकहॉ में सामुदायिक भवन–सह–वर्कशेड का निर्माण कार्य। (मौजा – हुकहॉ, थाना नं0 281, खाता संख्या – 187, खेसरा संख्या – 743, रकबा 7 डी0)	29.66000	0.59400	5000.00	590.00 Or as per online mode	6 माह

2- विज्ञापन निर्गत करने की तिथि : दिनांक –22-10-2026
3- निविदा कागजात अपलोड करने की प्रारम्भीक तिथि एवं समय : दिनांक 17-11-2026 को 10.00 बजे पुर्वाह्न से (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
4- प्री बीड़ मिटिंग का स्थान तिथि एवं समय : अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, दिनांक 18-11-2026 को अपराह्न 02.00 बजे से 04.00 बजे तक।
5- निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक 21-11-2026 समय 3.00 बजे अपराह्न । (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
6- तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 23-11-2026 समय 11.30 बजे पूर्वाह्न (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
7- वित्तीय बीड खोलने की तिथि एवं समय : सक्षम पदाधिकारी द्वारा बाद में सूचित किया जायेगा। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
8- निविदा खोलने का स्थान : सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर
9- निविदा की वैधता अवधि : 120 दिन
10- विज्ञापनदाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमण्डल बक्सर।

निविदा की विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल बक्सर

PR- 014347 (Planning) 2026-27

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

जिलास्तरीय कला उत्सव में छात्र-छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

संगीत, नृत्य, नाटक और दृश्य कला सहित विभिन्न विधाओं में आयोजित हुई प्रतियोगिताएं

शेखपुरा (आससे)। बुधवार को जिला स्तरीय कला उत्सव 2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम माध्यमिक शिक्षक संघ कार्यालय के समीप तथा अभ्यास मध्य विद्यालय के प्रांगण में आयोजित हुआ।

उत्सव का उद्घाटन शिक्षक संघ के प्रतिनिधियों और खेल विभाग के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लेते हुए अपनी कला और प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कला उत्सव के तहत विभिन्न विधाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। माध्यमिक शिक्षक संघ कार्यालय परिसर में एकल संगीत गायन, सामूहिक संगीत गायन, संगीत वादन, एकल नृत्य, सामूहिक नृत्य और सामूहिक नाटक सहित अन्य प्रतियोगिताएं हुईं। इनमें संबंधित विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

प्रतियोगिता में उच्च विद्यालय बरबीघा, उच्च विद्यालय एकाढा और उच्च विद्यालय पुरैना सहित अन्य विद्यालयों के प्रतिभागी शामिल हुए।

वहीं, अभ्यास मध्य विद्यालय के प्रांगण में पारंपरिक कहानी वाचन तथा दृश्य कला की एकल और सामूहिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

इसमें हाई स्कूल चेवाड़ा, उच्च विद्यालय केवटी और उच्च माध्यमिक विद्यालय पिंजड़ी के छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं के मूल्यांकन के लिए निर्णायक मंडल का गठन किया गया था। इसमें गोपाल जी, अनिल कुमार, मार्क्स कुमार, संध्या कुमारी, विनीता कुमारी, प्रभाकर त्रिवेदी, सुधीर कुमार और प्रीति कुमारी सहित अन्य लोग शामिल रहे।

कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं में खासा उत्साह देखने को मिला। कला उत्सव के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी रचनात्मक प्रतिभा प्रदर्शित करने और विभिन्न कलाओं में अपनी क्षमता निखारने का अवसर मिला।

आर्म्स एक्ट के दोषी को तीन साल की सजा

शेखपुरा (आससे)। सिविल कोर्ट ने आर्म्स एक्ट के एक मामले में दोषी पाए गए आरोपी को तीन साल के कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही उस पर पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। जुर्माने की राशि जमा नहीं करने पर दोषी को एक महीने का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

इस संबंध में जानकारी देते हुए अभियोजन पदाधिकारी उपेंद्र कुमार चौधरी ने बताया कि 5 दिसंबर 2020 को बरबीघा थाना पुलिस ने जांच के दौरान नालंदा जिले के सरमेरा थाना क्षेत्र के समस्तीपुर गांव निवासी हरि यादव के पुत्र अशोक यादव को देसी कट्टा और 10 जिंदा कारत. ूस के साथ पकड़ा था।

पुलिस ने आरोपी से बरामद हथियार के वैध काग. जात मांगे, लेकिन वह कोई कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद पुलिस ने मामले की जांच कर अवैध हथियार रखने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की और आरा. `पी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।